न्यूज ब्रीफ

लालू यादव की तबीयत बिगड़ी, दिल्ली एम्स में भर्ती

पटना। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की तबीयत अचानक बिगड़ गई है, जिसके बाद उन्हें दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों की एक टीम उनकी देखभाल कर रही है। उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। हालांकि, डॉक्टरों ने विस्तार से मीडिया के साथ कुछ शेयर नहीं किया है। बताया जा रहा है कि साथ में परिवार के लोग मौजूद हैं। परिवार के लोगों ने भी कोई अपडेट नहीं दिया है। जानकारी के मुताबिक वैसे लालू यादव नियमित जांच के लिए एम्स पहुंचे हैं।

कर्ज के चलते कन्नड़ निर्देशक ने की आत्महत्या

बेंगलुरु। जाने-माने कन्नड़ टीवी सीरीज निर्देशक विनोद वी घोंडले ने अपनी पहली फिल्म के बढ़ते बजट और फिल्म के वास्ते लिए गए तीन करोड़ रुपए के व्यक्तिगत ऋण से कथित रूप से परेशान होकर 20 जुलाई को आत्महत्या कर ली। उनके साझेदार और फिल्म के निर्माता 'वृद्धि क्रिएशन' के वर्धन हरि ने कहा कि उन्हें वित्तीय कठिनाई का सामना करना पड़ा, क्योंकि फिल्म की शूटिंग की अवधि निर्धारित दिनों से लगभग दोगुनी हो गई।

लोगों की सुरक्षा के लिए सेना तैनात की: हसीना

ढाका। बांग्लादेश में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़पों के बाद कर्फ्यू लगाने और देखते ही गोली मारने के आदेश देने के अपने फैसले का बचाव करते हुए प्रधानमंत्री शेख हसीना ने मंगलवार को कहा कि लोगों की जान और संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाए गए। हसीना की यह टिप्पणी बांग्लादेश के उच्चतम न्यायालय द्वारा प्रदर्शनकारियों की एक प्रमुख मांग को स्वीकार करते हुए सरकारी नौकरियों में आरक्षण की सीमा में कटौती करने के एक दिन बाद आई है।

3 भारतीयों को घायल करने के आरोप में चालक गिरफ्तार

काठमांडू। नेपाल में एक कार चालक को नशे में कार चलाने और टक्कर मारकर तीन भारतीय राहगीरों को घायल करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि घटना शुक्रवार रात कालीमाटी-कुलेश्वर सड़क खंड पर हुई। उन्होंने बताया कि गलत लेन से आ रही कार ने फुटपाथ पर चल रहे तीन भारतीयों को टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि मेडिकल जांच में पता चला कि कार चालक भूपेंद्र श्रेष्ठ (40) ने मादक पदार्थ का सेवन कर रखा था। बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

अस्पताल में भर्ती होने की आड़ में आरोपी को

मुंबई। मुंबई की कोर्ट ने धन शोधन केस में गिरफ्तार व्यवसायी की याचिका खारिज करते हुए कहा कि अस्पताल में भर्ती होने की आड़ में आरोपी को विलासिता की अनुमति नहीं दी जा सकती। पीएमएलए अदालत ने सोमवार को एसोसिएट हाई प्रेशर टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष मनोहरलाल अगीचा की अस्पताल में रहने की अवधि बढ़ाने की याचिका को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। उन्हें बैंक से 149.89 करोड़ की धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

पटना में दो बाइक की टक्कर में तीन की मौत

पटना। पटना शहर में मंगलवार देर शाम दो मोटरसाइकिल की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना रूपसपुर थाना क्षेत्र के एम्स एलिवेटेड रोड पर हुई जब दो मोटरसाइकिल आपस में टकरा गईं। पुलिस के अनुसार दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए। मृतकों में से दो की पहचान पटना के फुलवारीशरीफ थाना क्षेत्र के उदित राज (30) और अभिषेक कुमार (24) के रूप में हुई है।

गाजा पर इजरायली हमले में 70 की मौत, हमास ने भी दागे रॉकेट

संघर्ष के बीच खान यूनिस इलाका छोड़ रहे स्थानीय नागरिक

एजेंसी • गाजा
editor@peoplessamachar.co.in

इजरायली हमलों के दौरान दक्षिणी गाजा पट्टी के शहर खान यूनिस के पूर्वी इलाकों में 70 फिलिस्तीनी मारे गए और 200 से अधिक अन्य घायल हो गए। गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के अमेरिकी दौरे के बीच यहां की सेना ने ये कार्रवाई की है। हमले के बाद घायलों को इलाज के लिए नासिर अस्पताल लाया गया। ये हमला उस वक्त किया गया, जब इजरायल के नए आदेश के बाद सैकड़ों लोग खान यूनिस से निकल रहे थे।

स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि शहर में नासिर मेडिकल कॉम्प्लेक्स ने स्थानीय लोगों से 'रक्त इकाइयों की गंभीर और बड़ी कमी को देखते हुए, कॉम्प्लेक्स के अंदर घायलों और बीमारों के लाभ के लिए तत्काल रक्तदान करने का आह्वान किया है।' नासिर अस्पताल के डॉ. मोहम्मद साकर ने बताया कि

गाजा के खान यूनिस इलाके से बाहर निकल रहे स्थानीय नागरिक।

स्कूल में गिरा रॉकेट, कई बच्चों की मौत

उधर, इजरायली सेना का कहना है कि हमास लगातार रॉकेट से हमले कर रहा है। वहीं सोमवार की देर रात मध्य गाजा के मघाजी क्षेत्र से इजरायल की ओर रॉकेट दागे गए, लेकिन उन्हें सीमा पार होने से पहले ही नष्ट कर दिया गया। इनमें से एक रॉकेट नुसेरात क्षेत्र में एक स्कूल में जा गिरा, जहां कई बच्चे मारे गए।

विस्थापित लोगों के तंबुओं पर लगातार हमले हो रहे हैं। इसमें गंभीर रूप से घायल लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया है, जिन्हें खून की सख्त जरूरत है।

फिलिस्तीनी आधिकारिक समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए की रिपोर्ट के अनुसार, पूर्वी क्षेत्रों में शहर के पश्चिम की ओर बड़े पैमाने पर विस्थापन देखा जाने लगा, विशेषकर अल-मवासी में। हमास द्वारा संचालित गाजा सरकार के मीडिया कार्यालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि उसे फंसे हुए परिवारों से 1,217 अपीलें मिली हैं, जिनमें बचाव के लिए मदद मांगी गई है।

गाजा में 23 लाख लोग बेघर

खान यूनिस पूरी तरह खंडर में तब्दील हो चुका है। हालांकि फिर भी यहां कई विस्थापित लौट आए थे। इजरायल के नए आदेश के बाद इनको फिर लौटने को मजबूर होना पड़ रहा है। गाजा में कहीं भी कोई सुरक्षित नहीं है। करीब 23 लाख बेघर हो चुके हैं, जो गंभीर मानवीय संकट से जूझ रहे हैं। गौरतलब है कि इजरायली हमलों में अब तक 39 हजार लोग मारे गए हैं।

इजरायल हमास पर अपनी पूरी जीत दर्ज करेगा: नेतन्याहू

तेल अवीव। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को कहा कि इजरायल गाजा पट्टी में फिलिस्तीनी आंदोलन हमास पर पूर्ण जीत हासिल करने की अपनी मंशा से पीछे नहीं हटेगा। द टाइम्स ऑफ इजरायल ने नेतन्याहू के हवाले से यह जानकारी दी। नेतन्याहू ने वाशिंगटन में संवाददाता के परिवारों के साथ बैठक के दौरान कहा, किसी भी परिस्थिति में मैं हमास पर जीत छोड़ने को तैयार नहीं हूं। उन्होंने कहा, हाहहम यह भी देख रहे हैं कि दुश्मन अब कमजोर होने लगी है।

मिसाइल परीक्षण से पूर्व ओडिशा में 10 हजार लोगों को हटाया गया

बालासोर। ओडिशा के बालासोर जिला प्रशासन ने बुधवार को किए जाने वाले मिसाइल परीक्षण से पहले 10 गांवों के 10,000 से अधिक लोगों को अस्थायी रूप से दूसरे स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया है।

एक रक्षा सूत्र ने मंगलवार को यहां बताया कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) में मिसाइल परीक्षण के लिए आवश्यक तैयारी भी पूरी कर ली है। उन्होंने बताया कि यह परीक्षण आईटीआर के प्रक्षेपण स्थल संख्या-3 से किया जाएगा।

इस बीच, एक राजस्व अधिकारी ने बताया कि बालासोर जिला प्रशासन ने मिसाइल के परीक्षण से पहले प्रक्षेपण स्थल के 3.5 किमी के दायरे में बसे 10 गांवों के 10,581 लोगों को अस्थायी रूप से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करने की व्यवस्था की है। अधिकारी ने कहा, 'प्रभावित लोगों को पर्याप्त मुआवजा देने के साथ ये व्यवस्थाएं की जा रही हैं।' राजस्व अधिकारी ने बताया कि इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों को निकटवर्ती अस्थायी आश्रय केंद्रों में सुचारू तरीके से स्थानांतरित करने के लिए जिला प्रशासन ने जिलाधिकारी आशीष ठाकरे और पुलिस अधीक्षक सागरिका नाथ की मौजूदगी में मंगलवार को एक तैयारी बैठक की।

महिलाओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा से ब्रिटेन पुलिस चिंतित

पुलिस ने बताया आतंकवाद जैसा खतरा

एजेंसी • लंदन
editor@peoplessamachar.co.in

ब्रिटेन के पुलिस प्रमुख ने मंगलवार को कहा कि महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा अत्यधिक बढ़ गई है और पुलिस इससे आतंकवाद के खतरे के तौर पर निपट रही है।

नेशनल पुलिस चीफ्स काउंसिल और कॉलेज ऑफ पुलिसिंग की ओर से तैयार एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिटेन की पुलिस ने 2022 से 2023 के बीच महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसक अपराधों के 10 लाख से अधिक मामले दर्ज किए हैं जो इस अवधि के दौरान दर्ज किए गए कुल मामलों का पांचवां हिस्सा है।

इसी अवधि में हर छह में से एक हत्या घरेलू हिंसा से संबंधित थी। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि हर साल 12 में से एक महिला यौन अपराध, बलात्कार, पीछा करने, उत्पीड़न या ऑनलाइन यौन उत्पीड़न जैसे अपराधों का शिकार होती है। हालांकि, यह संख्या बहुत अधिक हो सकती है, क्योंकि इस तरह के अपराध के कई मामले सामने ही नहीं आ पाते हैं। उप प्रमुख कांस्टेबल मैगी ब्लिथ ने एक बयान में कहा कि महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा एक राष्ट्रीय आपात स्थिति है।

गोवा के मंत्री को सोशल मीडिया संदेश में मिली हत्या की धमकी

एजेंसी • पणजी
editor@peoplessamachar.co.in

गोवा के परिवहन मंत्री मौविन गोडिन्हो ने मंगलवार को पुलिस से शिकायत की कि एक अज्ञात व्यक्ति सोशल मीडिया पर एक संदेश प्रसारित कर लोगों को उन्हें जान से मारने के लिए उकसा रहा है। मंत्री के निजी सचिव अजय थोराट ने पुलिस महानिदेशक के समक्ष शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में कहा गया है कि टैक्सी चालक होने का दावा करने वाले अज्ञात व्यक्ति द्वारा रिकॉर्ड किया गया एक वॉयस मैसेज व्हाट्सएप पर भेजा गया है।

इसमें कोंकणी भाषा में उस व्यक्ति ने लोगों और टैक्सी चालकों से मंत्री को गंभीर रूप से घायल करने और उनकी हत्या करने के लिए कहा है। इस संदेश में मंत्री के बारे में अपमानजनक बातें भी कही गई है।

न्यूजीलैंड ने पैरेंट रेजिडेंट वीजा का किया ऐलान, भारतीयों को फायदा

अब मां- बाप को ला सकेंगे विदेशी कामगार

एजेंसी • वेलिंग्टन
editor@peoplessamachar.co.in

द पैरेंट रेजिडेंट वीजा के तहत न्यूजीलैंड में रहने वाले प्रवासी अब अब अपने माता-पिता को भी स्थायी रूप से अपने साथ रख सकेंगे। वीजा के नियम कहते हैं कि आप न्यूजीलैंड के नागरिक या निवासी बच्चे के साथ स्थायी रूप से रह सकते हैं, बशर्ते वे पर्याप्त पैसा कमाएं और आपको साथ रखने के लिए राजी हों। पैरेंट रेजिडेंट वीजा के प्रोसेस में एक्रेशन ऑफ इंट्रेस्ट यानी रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) पेश करना शामिल है।

ये आवश्यकताओं को पूरा करता है तो इमिग्रेशन न्यूजीलैंड (आईएनजेड) की ओर से आवेदन करने के लिए आमंत्रण (आईटीए) जारी किया जाता है। आईटीए-योग्य व्यक्ति 4 माह में आवेदन कर सकते हैं। पैरेंट रेजिडेंट वीजा की लागत न्यूजीलैंड के 3180 डॉलर से शुरू होती है।

2000 वीजा किए जा सकते हैं स्वीकृत

फाइनेंशियल एक्सप्रेस के मुताबिक, आईएनजेड उन लोगों के हर वर्ष अधिकतम 2000 वीजा स्वीकृत कर सकता है, जिन्होंने 10 अक्टूबर, 2022 को वयन के लिए फिर से शुरूआत की घोषणा से पूर्व ईओआई प्रस्तुत किए थे। 10 अक्टूबर, 2022 को या उसके बाद ईओआई जमा करने वाले लोगों को एक वर्ष में अधिकतम 500 वीजा दिए जा सकते हैं। इन ईओआई को ड्रॉ के जरिए चुना जाता है। अगर किसी ने 12 अक्टूबर से पहले पैरेंट रेजिडेंट वीजा के तहत ईओआई जमा किया है, तो इसे वापस लिया जा सकता है या अपडेट किया जा सकता है।

कोविड काल में मुस्लिमों के दाह संस्कार के लिए श्रीलंका मांगेगा माफी

कोलंबो। श्रीलंका की सरकार ने मंगलवार को कहा कि वह वर्ष 2020 में कोविड-19 से जान गंवाने वाले मुस्लिम लोगों के जबरन दाह संस्कार के लिए देश के मुस्लिम समुदाय से औपचारिक रूप से माफी मांगेगी। श्रीलंकाई सरकार ने स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के कारण कोरोना महामारी के दौरान विवादित शवदाह नीति लागू की थी।

हालांकि, बढ़ती अंतरराष्ट्रीय आलोचना के बीच फरवरी 2021 में इस आदेश को रद्द कर दिया गया था। हाल के एक कैबिनेट नोट के अनुसार, श्रीलंकाई मंत्रिमंडल ने सोमवार को एक बैठक में मार्च 2020 के आदेश के लिए मुस्लिम समुदाय से माफी मांगने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इसमें कहा गया है कि मंत्रिमंडल ने सरकार की ओर से सभी समुदायों से माफी मांगने का फैसला किया है। मंत्रिमंडल ने ऐसे विवादास्पद कदमों की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए कानून लाने का भी निर्णय लिया।

इमरान की पॉलीग्राफ जांच के लिए अडियाला जेल पहुंची फॉरेंसिक टीम

19 करोड़ पाउंड के कथित भ्रष्टाचार का मामला

एजेंसी • लाहौर
editor@peoplessamachar.co.in

पिछले साल नौ मई को पाकिस्तान में हुई अभूतपूर्व हिंसा के सिलसिले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पॉलीग्राफ जांच करने के लिए 12 सदस्यीय फॉरेंसिक टीम मंगलवार को अडियाला जेल पहुंची। मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई।

इमरान खान को राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) द्वारा 19 करोड़ पाउंड के कथित भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किये जाने के बाद, पिछले साल नौ मई को देशभर में व्यापक हिंसा भड़क गई थी। एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के अनुसार, पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में लाहौर पुलिस की टीम यह जांच कराने के लिए जेल परिसर में पहुंची।

खबर में कहा गया है कि उनके साथ पंजाब फॉरेंसिक विज्ञान एजेंसी (पीएफएसए) के विशेषज्ञ भी हैं।

इमरान खान

9 मई की घटनाओं के बारे में की जाएगी पूछताछ

पीएफएसए के विशेषज्ञ पूर्व प्रधानमंत्री की पॉलीग्राफ जांच और आवाज का मिलान करेंगे। लाहौर पुलिस की टीम जांच के दौरान खान से नौ मई की घटना के विभिन्न पहलुओं के बारे में भी पूछताछ करेगी। नौ मई के विरोध प्रदर्शन के दौरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के कार्यकर्ताओं ने सेना मुख्यालय और स्मारकों सहित सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला किया और तोड़फोड़ की। इस बीच, पाकिस्तानी अधिकारियों ने सुरक्षा मानकों के उल्लंघन के आरोप में इमरान खान की पार्टी के केंद्रीय कार्यालय को सील कर दिया है।

M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN COMPANY LIMITED
Office Of The General Manager (City Circle) Old Kisan Bhawan Building, Sultania Road, Bhopal 462001, Phone : 0755-2678225
Fax : 2678225, E-mail : secitybhopal@gmail.com, secitybhopal@yahoo.com
No. : GM/CC/Veh/2024-25/3822 Bhopal, Dated : 23.07.2024

OFFER FOR HIRING VEHICLE

MPMKVVCL, hereby invited offer/rate for hiring the below mentioned type of vehicle in the following locations

Name of Unit/ Office	Particulars	Due Date of Submission of Offer	Opening Date &Time
DGM Vigilance City Dn. (South-North)	New Jeep/ MUV's (AC Model) Type-B	01.08.2024 upto 3:00 P.M.	01.08.2024 at 3:30 p.m.

Other details, terms and condition are available on company website : https://portal.mpcz.in or the under signed office.
M.P. Madhyam/11558/2024 GENERAL MANAGER (CITY CIRCLE)

शुद्धिपत्र
ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., कार्यालय नं. 201-बी, दूसरी मंजिल, रोड नं.1 प्लाट नं.-बी1, वाईएमई आईटी पार्क, वागले इंडस्ट्रीयल एस्टेट, ठाणे, महाराष्ट्र-400604

यह आपके उपर्युक्त गृह ऋण खाता संख्या LBBHP00005397091 के लिए दिनांक 03 अक्टूबर, 2022 (जिसे आगे 'उक्त नोटिस' के रूप में संदर्भित किया गया है) शीर्षक वाले SARFAESI 13(2) नोटिस के संदर्भ में है। उधारकर्ता का नाम संजय पवार है, ICICI बैंक लिमिटेड के साथ हम यह उल्लेख करना चाहते हैं कि अनजाने में और अनजाने में संपत्ति का पता गलती से फ्लैट नंबर 607, 6वीं मंजिल, मैजेस्टिक ब्लॉक टाइप बी, किस्म पार्क सिटी-पीएच नंबर-03, खसरा नंबर 70/1, वार्ड नंबर 24, पिंक ब्लॉक, मनदीप पिपलिया, गज्जू, तहसील-गोहरगंज, जिला-रायसेन मध्य प्रदेश, भोपाल-462046 (क्षेत्रफल 52 वर्ग मीटर) के बजाय फ्लैट नंबर 607, ब्लॉक बी किस्म पार्क सिटी-पिंक ब्लॉक, मंदीदीप पिपलिया, गज्जू रोड, मध्य प्रदेश, भोपाल- 462046 (850 वर्ग फीट के क्षेत्रफल का माप) लिखा गया है। इसलिए आपसे अनुरोध है कि कृपया इसे पते फ्लैट नंबर 607, छठी मंजिल, मैजेस्टिक ब्लॉक टाइप बी, किस्म पार्क सिटी-पीएच नंबर-03, खसरा नंबर 70/1, वार्ड नंबर 24, पिंक ब्लॉक, मंदीदीप पिपलिया, गज्जू, तहसील-गौहरगंज, जिला-रायसेन मध्य प्रदेश, भोपाल-462046 (क्षेत्र का माप 52 वर्ग मीटर) पढ़ा जाएं।

दिनांक : 24 जुलाई 2024 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : भोपाल आईसीआईसीआई कार्पोरेट कंपनी लिमिटेड

पश्चिम मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से उप मुख्य अभियंता-I/निर्माण/पश्चिम मध्य रेल/भोपाल, निम्नलिखित कार्यों के लिए अनारक्षत बल्ले है (एकल टेंडरिंग पद्धती) (1) निविदा संख्या: DYCE-C-I-BPL-04-2024, दिनांक: 18.07.2024 कार्य का नाम: इटारसी के संभाग में संरक्षण कार्य: प्लाटफॉर्म-जुड़ाव/ए स्टेशन के बीच अप लाइन फ्लाईओवर। निविदा का अनुमानित मूल्य: ₹ 979.31 लाख अमानत राशि: ₹ 6,39,700/- ई-निविदा बंद होने की तिथि: 09.08.2024 को 15.00 बजे समापन अवधि: 06 (छह) माह मानसून एवं फसल सहित. ई-निविदा संबंधित सपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उप मुख्य अभियंता-I/ निर्माण / पश्चिम मध्य रेल / भोपाल के मुख्यालय पटल पर भी उपलब्ध है। ई-निविदा के अतिरिक्त अन्य कोई भी निविदा मान्य नही होगी। यदि निविदा सम्बन्धी कोई सूचियां जारी किया जाता है तो वह केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ही उपलब्ध रहेगा।
उप मुख्य विद्युत अभियंता-I/निर्माण, प.म.रे./भोपाल
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

जाहिर सूचना
मैं अपने पड़ोसर के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे मकान में श्रीमती मालती पुत्र पति श्री राकेश कुमार साहू, आयु-पचरन्न, निवासी-मकान नंबर 2499, जगन्नाथ कॉलोनी, ऐशबाग भोपाल, म.प्र. के स्वत्व, स्वामित्व एवं अधिपत्य की एक किता तीन मंजिला मकान क्र. 2499 जिसका कुल क्षेत्रफल 600 वर्गफिट अर्थात् 55.76 वर्गमीटर है, जो खसरा क्रमांक 788/1, का अंश भाग होकर स्थित-जगन्नाथ कॉलोनी, सोनिया कॉलोनी के पास, ऐशबाग स्टेडियम के पीछे, तहसील हुजूर, जिला भोपाल में नगर निगम सीमा के अंदर वॉर्ड नं 42 में मुख्य मार्ग से अंदर स्थित है, को क्रय करने हेतु टोकन/ बयाना राशि अदा कर दी है यदि उक्त मकान के संबंध में किसी बैंक, सोसायटी, व्यक्ति, संस्था आदि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति अथवा लेन-देन या बाद विवाद या हिस्सा, दान, गिरवी, वसीयत विक्रय अनुबन्ध विक्रय विलेख आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के सात दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में सम्पूर्ण साक्ष्य के साथ उपस्थित होकर मय दस्तावेज के आपत्ति प्रस्तुत करे समय अवधि व्यतीत होने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य व श्रवीकार नही होगी तथा मेरा पक्षकार उक्त मकान का पंजीयन अपने पक्ष में कराने के लिये स्वतंत्र होगे।
भवदीय **राजेन्द्र सक्सेना** अधिवक्ता
सक्सेना लॉ चेम्बर
कार्यालय: शॉप नं. 32, हनुमान मंदिर कैम्पस, कलेक्ट्रेट भोपाल
मो. 8959237282

नाम परिवर्तन सूचना
मैं राधा लोधी पत्नी श्री कमल कांत राजपूत निवासी : म.नं. ई-15, चित्रकूट फेस-2, करोंद बायपास भोपाल सूचित करती हूं कि विवाह पूर्व मेरा नाम रेखा लोधी था जो कि विवाह पश्चात परिवर्तित होकर राधा लोधी पत्नी श्री कमल कांत राजपूत हो गया है। अतः मुझे भविष्य में राधा लोधी पत्नी श्री कमल कांत राजपूत के नाम से जाना व पहचाना जाए।

महाराजा अवसेन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित
मंगलगीत सांवलदास विद्यालय, गणेश मंदिर परिसर, लखेरापुरा, भोपाल
सूचना क्र. व्यु/26/2024-25 **निविदा आमंत्रण** दिनांक. 23/07/2024
अध्यक्षताकार्यकर्ता के कार्यालय में बाल तकरया सोलंकाबर रोड, भोपाल स्थित महाराजा अवसेन गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल के भूमि विकास कार्य के अन्तर्गत लेख कार्य हेतु विद्युतिकरण कार्य हेतु स्थानक कार्य के म.प्र. विद्युत मंडल रोड की एजीबूट "ऑ" श्रेणी की अनुभवी ठेकेदारों से निविदा दिनांक 24.07.2024 से 30.07.2024 समय दोपहर 4 बजे तक आमंत्रित की जाती है जिसकी अंतिम दिनांक 31.07.2024 दिन बुधवार, प्रातः 10 बजे की जायेगी। निविदा प्रपत्र एवं निविदा संबंधी समस्त अन्य जानकारी हेतु अध्यक्षताकार्यकर्ता के कार्यालय में निविदा आमंत्रण तिथि तक समय 4 बजे से 6 बजे तक संस्था कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।
01. निविदा मूल्य राशि रूपये 5000/- (पांच हजार रूपये) डी.डी. द्वारा जो कि वापिसी योग्य नही होगी।
02. वार्डवार की स्थिति में प्रबंध कार्यकारिणी का निर्णय सर्वमान्य होगा।
कार्यवाहक अध्यक्ष
महाराजा अवसेन गृह निर्माण, सहकारी समिति मर्यादित, भोपाल

चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनांस कम्पनी लिमिटेड
Chola Enter a better life
कॉर्पोरेट कार्यालय: 'चोल ट्रेक्स', सी 54 व सी 55, सुपर बी-4, गिरु की वन इंडस्ट्रियल इस्टेट, पिंडी, चेन्नई- 600032
शाखा कार्यालय: शॉप नं. 603 - 615, छठी मंजिल, बीआर, विनायक स्पेसेस, निपानिया मेन रोड, देवास नाका, इंदौर - म.प्र. - 452001
नियम 8 (1) के तहत कब्जा सूचना
जबकि मै, चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनान्स कम्पनी लिमिटेड के अधिकृत होने के नाते, अधोहस्ताक्षरकर्ता सुरक्षा और प्रवर्तन नियम और सुरक्षा ब्याज अधिनियम 2002 के तहत इसके पश्चात अधिनियम कहा जाएगा तथा धारा 13 (12) के तहत सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 9 के साथ पढ़ा जाए के तहत कर्जदारों को कॉल करते हुए सुरक्षा अधिकारी का उपरोग करके डिमांड नोटिस जारी किया, जिनके नाम कॉलम (बी) में एवं डिमांड नोटिस की दिनांक कॉलम (सी) में दर्शाती गई है।
कर्जदार के कॉलम (डी) में निर्दिष्ट राशि चुकाने में नाकाम रहने पर, यह नोटिस विशेष रूप से कर्जदारो को और सामान्य रूप से सार्वजनिक तौर पर दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत नियम 9 के साथ पढ़ा जए उन्हें दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए इसके साथ यहां कॉलम (एफ) में उल्लेखित नीचे दी गई संबंधित तारीखो पर कॉलम (ई) में वर्णित कम्पनी के पास गिरवी रखी संपत्ति पर कब्जा कर लिया है।
साथ यहां कॉलम (एफ) में उल्लेखित नीचे दी गई संबंधित तारीखो पर कॉलम (ई) में वर्णित कम्पनी के पास गिरवी रखी संपत्तियों पर कब्जा कर लिया है।
उचावस्था का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा के उपबंधो की ओर आकृष्ट किया जाता है।
विशेष रूप से कर्जदारो को और सामान्यतः रूप से आम जनता को सावधान किया जाता है कि नीचे कॉलम (ई) में उल्लिखित संपत्तियों का संचय न किया जाए और ऐसा कोई-भी संचय कॉलम (डी) में बताए और अन्य शुल्को के साथ कॉलम (एफ) में वर्णित राशि के लिए भी, चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनांस कम्पनी लिमिटेड के प्रभार के तहत होगा।

क्र.	कर्जदार और सह-कर्जदार का नाम और पता ऋण खाता संख्या	मांग सूचना की दिनांक	कब्जा की तारीख	कब्जे की संपत्ति का विवरण	कब्जा दिनांक
ए	बी	सी	डी	ई	एफ
1	ऋण खाता क्रं. X0HEBHE00003123188 1. स्वर्गीय श्री जगदीश महेश्वरी के सभी कानूनी उत्तराधिकारी, 2. विशाल महेश्वरी, 3. पुष्पा महेश्वरी, 4. मेसर्स सांवरिया टेडर्स, 5. पलाश महेश्वरी सभी का पता: मकान नंबर 825, वार्ड नं. 05, मुख्य रोड़ मंडी गेट के पास, कुरावर, कुरावर-465667	14.07.2021	Rs. 1,31,38,159.92/-	आयटम नं. 01; समस्त संपत्ति जो प्लॉट नं. 10, वार्ड नं. 05, गांव कुरावर, नरसिंहगढ़, जिला राजगढ में स्थित है, क्षेत्रफल 900 वर्ग फीट, चतुर्सीमा : पूर्व :- लालजी लमार का घर; पश्चिम:- कारीगर का घर; उत्तर:- मार्कीटिंग फेडरेशन गोडावन रोड; दक्षिण:- मंडर प्रांगण आयटम नं. 02; समस्त संपत्ति जो प्लॉट नं. 825, वार्ड नं. 05, गांव कुरावर, तह. नरसिंहगढ, जिला राजगढ में स्थित है, क्षेत्रफल 1320 वर्ग फीट, चतुर्सीमा ; पूर्व :- रोड़; पश्चिम:- मंडी समिति की भूमि; उत्तर:- शिव प्रसाद का घर; दक्षिण:- सरकारी भूमि	14.07.2024 भौतिक अधिपत

स्थान : इन्दौर, दिनांक :24.07.2024 ह/प्राधिकृत अधिकारी, चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनांस कम्पनी लिमिटेड

JM FINANCIAL **जेएम फायनेंशियल एसेट रिकन्स्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड**
कार्पोरेट आइडेंटिफाई नम्बर: U67190MH2007PLC174287
पंजीकृत ऑफिस : 7वीं मंजिल, चेम्बर्स, अमरसंसेरा भरतता मार्ग, प्रभादेवी, मुम्बई-400 025,
संपर्क व्यक्ति : 1. गौरव श्रीवास्तव-9479942515, 2. शिशांत केतेने-9584966653 3. सिंदुजा पिल्लई-022-62241676
ई-नीलामी बिक्री सूचना-आगामी बिक्री
पैरामाउंट कैपिटल एंड ग्रामीण फाइनेंस लिमिटेड ने धारा 5(1)(बी) के तहत सभी अधिकारों, शीर्षक और ब्याज के साथ अंतर्निहित सुरक्षा हित के साथ ऋण का एक पूल (नीचे उल्लिखित ऋण सहित) सौंपा है। जेएमएफआरसी (जेएम) के पक्ष में 29 मार्च, 2023 ("आइडेनटिफ एग्रीमेंट") के एक अइडनटिफ एग्रमेंटो के माध्यम से वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 ("सारफेसी अधिनियम") का प्रवर्तन। (यहां अखड़ी के रूप में संदर्भित) जेएमएफआरसी-अरुणा-टूस्ट के ट्रस्टी के रूप में अपनी क्षमता में कार्य कर रहा है। सूचित किया जाता है कि PCHFL को असाइनमेंट/ब्याज अनुबंध के माध्यम से सभी परिचालन और प्रक्रिया प्रक्रियाओं को सुविधाजनक बनाने के लिए सेवा प्रदाता/संग्रह एजेंट के रूप में कार्य करने के लिए अधिकृत और नियुक्त किया गया है।
उधारकर्ताओं से देय राशि की वसूली के लिए सरफेसी अधिनियम, 2002 के तहत सूचित ऋणदाता के अधिकृत अधिकारी द्वारा नहीं अंतिम बिक्री प्रस्ताव करने के लिए, अचल संपत्ति की खरीद के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं, जैसा कि यहां बताया गया है, जो भौतिक कब्जे में है, "जैसा है जहां है के आधार पर", "जैसा है जो है के आधार पर" और "जो है वह है के आधार पर", निम्नवत विवरण नीचे दिया गया है:

ऋण कोड/शाखा/ ऋणी(यों) सह ऋणी (यों) / ऋणदाता(र/यों)	मांग सूचना दिनांक एवं राशि	ऑनेम संपत्ति का पता	आरक्षित मूल्य	धरोहर ऋण राशि (हिस्सा) (आगे का 10%)	कुल बकाया राशि (19-07-2024)
ऋण कोड संख्या: 0080001528 4, (शाखा), ऋण सिंह अहरवा (उधारकर्ता), कल्पना कालूसिंह (सह-उधारकर्ता 1)	दिनांक: 21-04-2016 रु. 2,75,481/- (रु. दो लाख पचह